my city
अमर उजाला
सूर्योदय सुबह 5:37
सूर्यास्त शाम 7:05
स्थानीय समयानुसार
41° temperature 26°
अगले 7 दिनों का पूर्वानुमान देखें- amarujala.com/weather
रोहतक | बुधवार | 08.05.2024
वैशाख, अमावस्या, विक्रम संवत 2081
amarujala.com/jind
जींद




# सीआरएसयू का दीक्षांत समारोह 27 को

## राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय 740 विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे डिग्री

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चौथा दीक्षांत समारोह 27 मई को आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यातिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय होंगे। राज्यपाल सत्र 2021-2023 के 740 छात्र व छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी।

कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर दीक्षांत समारोह के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। दीक्षांत समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए हैं।

बैठक में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्ष, शाखा प्रबंधक व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. निहाल सिंह ने कहा कि कुलपति के निर्देश पर समारोह की तैयारी शुरू कर दी गई है। सत्र 2021-2023 में उत्तीर्ण हो चुके छात्रों को पीएचडी उपाधि व गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2024 के अप्रैल तक की पीएचडी की उपाधि ले चुके छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा।

साथ में टॉपर स्टूडेंट को गोल्ड मेडल से भी कुलाधिपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा।



दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए वीसी डॉ. रणपाल सिंह। संवाद

### चौथे दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर वीसी ने की बैठक

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date: 08.05.2024

# चौधरी रणबीर सिंह विवि में चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई को

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई को आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय मुख्यअतिथि होंगे और सत्र 2021-2023 के 740 छात्र व छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि बैठक में दीक्षांत समारोह से सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और इस दीक्षांत समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

पंजाब केसरी
Date: 08.05.2024

# सी.आर.एस.यू. में चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 को

■ महामहिम सत्र 2021-2023 के 740 छात्रों को करेंगे डिग्री प्रदान

जींद, 7 मई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई को आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय मुख्यातिथि होंगे और सत्र 2021-2023 के 740 छात्र व छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि बैठक में दीक्षांत समारोह से सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और इस दीक्षांत समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्ष, शाखा प्रबंधक व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रक डा. निहाल सिंह ने कहा कि कुलपति के निर्देश पर चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू कर दी है। सत्र 2021-2023 में उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को पीएच.डी. उपाधि व गोल्ड मैडल से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2024 के अप्रैल तक की पीएच.डी. की उपाधि ले चुके छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ में टॉपर स्टूडेंट को गोल्ड मैडल से भी कुलाधिपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा।



दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए वी.सी. डा. रणपाल।

दैनिक जागरण

Date: 08.05.2024

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चौथा दीक्षांत समारोह 27 को, राज्यपाल वितरित करेंगे डिग्रियां

- राज्यपाल हरियाणा होंगे कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर मौजूद
- सत्र 2021-2023 के 740 छात्र-छात्राओं को मिलेगी डिग्री

जागरण संवाददाता, ● जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई को आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शामिल होंगे और सत्र 2021-2023 के 740 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की और इसके बाद डा. रणपाल सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस बैठक में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्ष, शाखा प्रबंधक व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रक डा. निहाल सिंह ने कहा कि कुलपति के निर्देश पर चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू कर दी है। सत्र 2021-2023 में उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि व गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2024 के अप्रैल तक की पीएचडी की उपाधि ले चुके छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ में टापर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से भी कुलाधिपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा।



दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक में दिशा निर्देश देते हुए वीसी डा. रणपाल। ● पीआरओ।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 08.05.2024

# सीआरएसयू में दीक्षांत समारोह 27 को, 740 विद्यार्थियों को राज्यपाल डिग्री देंगे



**जींद|** सीआरएसयू का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई को होगा। इस अवसर पर सत्र 2021-2023 के 740 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शिरकत करेंगे। समारोह को लेकर कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। कुलपति ने कहा कि बैठक में दीक्षांत समारोह के सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और को अविस्मरणीय बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. निहाल सिंह ने कहा कि सत्र 2021-2023 में उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि व गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2024 के अप्रैल तक की पीएचडी की उपाधि ले चुके छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा विभाग तैयारी में जुट चुका है। साथ में टॉपर स्टूडेंट को गोल्ड मेडल से भी कुलाधिपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

Date: 08.05.2024

# चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति को कर्नल की मानद उपाधि से नवाजा

सवेरा न्यूज/जसबीर दुग्गल

कुरुक्षेत्र, 07 मई : भारत सरकार द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति को कर्नल की मानद उपाधि प्रदान कर उनकी कर्तव्य पराणयता को सम्मानित किया है। देशभर से चयनित 19 कुलपतियों के प्रतिष्ठित मण्डल में से डॉ. रणपाल सिंह एक हैं, जिन्हें इस रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है। डॉ. रणपाल सिंह कैडेट कोर के कर्नल कमांडेंट हैं।



केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त विश्वविद्यालय के कुलपतियों के लिए मानद उपाधि उस महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है जो शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के अनुशासित, सर्वांगीण, देशभक्त और नैतिक रूप से मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। उल्लेखनीय है कि कर्नल की मानद उपाधि पारंपरिक सम्मानों से अलग है। क्रिकेटर एमएस धोनी (भारतीय सेना), सचिन तेंदुलकर (आईएएफ), कपिल देव (भारतीय सेना) जैसी खेल हस्तियों को भी इसी तरह की मानद रैंक दी जा चुकी हैं। यह नई नीति राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को मान्यता देते हुए शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों को सम्मान प्रदान करती है। डॉ. रणपाल सिंह ने भारतीय शस्त्र बल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीसी अपने अनुशासन और देशभक्ति के लिए भारतवर्ष ही नहीं पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, कैडेट रूप में हर युवा को देश के प्रति प्रेम करना और अनुशासन में निबद्ध रहना सिखाया जाता है।

डॉ. रणपाल सिंह को मानद कर्नल उपाधि मिलने पर आज पूरे विश्वविद्यालय में प्रसन्नता और खुशी का माहौल है। सभी अधिकारिक अधिकारियों ने कुलपति को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए यह अत्यन्त गौरव का विषय है। विद्यार्थी वर्ग भी इस अवसर पर बधाई देने पहुँचा और कहा कि आप का यह सम्मान हर युवा के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

दैनिक सवेरा टाइम्स

Date: 08.05.2024

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में चतुर्थ दीक्षांत समारोह के अवसर पर 27 को 740 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री : कुलपति

## विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि व गोल्ड मैडल

सवेरा न्यूज/नरेंद्र

जींद, 7 मई : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सत्र 2021-2023 के 740 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के राजपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय शिरकत करेंगे। दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि दीक्षांत समारोह 27 मई को तय किया गया है। बैठक में दीक्षांत समारोह से सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और इस दीक्षांत समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्ष, शाखा प्रबंधक व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. निहाल सिंह ने कहा कि कुलपति के निर्देश पर चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसमें सत्र 2021-2023 में उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि व गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा। वर्ष 2024 के अप्रैल तक की पीएचडी की उपाधि ले चुके विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा विभाग तैयारी में जुट चुका है, साथ में टॉपर स्टूडेंट को गोल्ड मैडल से भी कुलाधिपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा।



अधिकारियों की बैठक लेते कुलपति।

अर्थ प्रकाश

Date: 08.05.2024

# चतुर्थ दीक्षांत समारोह के अवसर पर 27 मई को 740 छात्रों को मिलेगी 'खास' डिग्री: कुलपति



अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 7 मई।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 27 मई, 2024 को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सत्र 2021- 2023 के 740 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यपाल,हरियाणा महामहिम बंडारू दत्तात्रेय शिरकत करेंगे।

दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रणपाल सिंह ने कहा कि दीक्षांत समारोह 27 मई 2024 को तय किया गया है। बैठक में दीक्षांत समारोह से सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और इस दीक्षांत समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गये। इस बैठक में विश्वविद्यालय के सभी डीन, विभागाध्यक्ष, शाखा प्रबंधक व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

परीक्षा नियंत्रक डॉ0 निहाल सिंह ने कहा कि कुलपति के निर्देश पर चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसमें सत्र 2021-2023 में उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि व गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा। वर्ष 2024 के अप्रैल तक की पीएचडी की उपाधि ले चुके छात्रों को भी सम्मानित किया जायेगा।